(कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित होने की सूचना)

विषय: भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्रेड 'ए' के रिक्त पदों को भरने हेतु संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर परीक्षा -2018 के माध्यम से चुने गये अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक जानकारी ।

संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर परीक्षा -2018 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के तहत कार्यालय) के डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्रेड 'ए' के पद पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों/कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट/रैंक तथा राज्य वरीयता के आधार पर होगा ।

2. इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है । संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर परीक्षा -2018 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के अधीन) में डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्रेड 'ए' के पद पर चयनित किये गए अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबंधित वांछित जानकारी URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर भरें । ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 अक्तूबर 2021 से प्रारंभ होगी तथा 15 नवम्बर 2021 तक जारी रहेगी।